आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 18.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- चमोली ज़िले के नंदानगर क्षेत्र में भारी बारिश के चलते कुन्तरी लगाफाली वार्ड में मलबा आने से पांच लोग लापता; छह भवन क्षतिग्रस्त; राहत और बचाव कार्य जारी।
- उत्तराखंड में सहकारिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीज उत्पादन और निर्यात को लेकर दो अहम समझौते हुए।
- लघु सिंचाई विभाग ने रुद्रपुर में प्रधानमंत्री कुसुम योजना पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक सम्पन्न, परियोजनाओं पर अप्रैल से कार्य शुरू करने के निर्देश।

नुकसान

चमोली ज़िले के नंदानगर क्षेत्र में कल रात से तेज बारिश के चलते भारी नुकसान हुआ है। नगर पंचायत नंदानगर के वार्ड कुन्तरी लगाफाली में मलबा आने से छह भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना में पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।
स्थानीय लोगों के अनुसार कई लोग अब भी घरों में फंसे हुए हैं। नंदानगर थाना पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन भारी बारिश के कारण राहत–बचाव कार्यों में चुनौतियां आ रही हैं। जिला प्रशासन की टीम मुख्यालय से नंदानगर के लिए रवाना हो गई है।
लगातार बारिश के कारण स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रशासन का कहना है कि मौके पर पहुंचने के बाद ही लापता लोगों की संख्या और नुकसान का वास्तविक आकलन हो सकेगा।
इस बीच, राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से तेज और कहीं–कहीं भारी बारिश का अनुमान है।

समझौता ज्ञापन

राज्य में सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिये दो समझौता ज्ञापन हुए हैं। पहला समझौता भारतीय सहकारी समिति लिमिटेड और उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ के बीच बीज उत्पादन व वितरण के संबंध में हुआ। जबकि दूसरा समझौता राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति और राज्य सहकारी संघ के बीच हुआ, जिससे किसानों और सहकारी समितियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा।
राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर कल 'सहकारिता में सहकार' कार्यक्रम में ये समझौता हुए।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक की ऋण नीति और वाणिज्यिक अचल संपत्ति–आवासीय गृह ऋण नीति की शुरुआत भी हुई। कार्यक्रम में जसपुर की फीकापार एमपैक्स और जिला सहकारी बैंक मुख्य शाखा देहरादून को सम्मानित किया गया। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए।

राज्य स्तरीय कार्यशाला

लघु सिंचाई विभाग ने रुद्रपुर स्थित विकास भवन में प्रधानमंत्री कुसुम योजना पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को डीजल चालित पंप सेट की जगह सोलर पंप सेट अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाअभियान के तहत डीजल चालित पंप सेट को सोलर पंप सेट में बदला जा रहा है। अभी तक राज्य में एक हजार 500 पंप सेट परिवर्तित किए गए हैं, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 28 लाख लीटर डीजल की बचत होगी।

अर्थव्यवस्था

दुनिया में जारी उथल–पुथल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। अमरीका की क्रेडिट और रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर्स के अनुसार भारत की जीडीपी मौजूदा वित्त वर्ष में साढ़े छह प्रतिशत की दर से आगे बढ़ती रहेगी। एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के विकास प्रदर्शन में लचीलापन बना हुआ है, हालांकि भारी झटकों ने देश के समक्ष थोड़े समय के लिए चुनौतियां पैदा की हैं।

निर्देश

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में सीएम–राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग समिति की बैठक दिसंबर में और राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक मार्च में कराई जाए, ताकि अप्रैल से परियोजनाओं पर काम शुरू हो सके।

उन्होंने कृषि विभाग को मालियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्किल इंडिया के एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया का कोर्स अपनाने और डिप्लोमा कोर्स की महत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जिलों को अपने–अपने क्षेत्रों में फार्म मशीनरी बैंकों का मूल्यांकन कर उत्पादकता पर पड़े प्रभाव का आंकलन करने को कहा।

मुख्य सचिव ने जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय को प्रदेश के लिए कार्बन क्रेडिट एजेंसी के रूप में कार्य करने और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार को ग्राफ्टिंग पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अखरोट के ग्राफ्टेड पौधों की प्रदेश में भारी मांग है, जिसे शीघ्र पूरा करने की दिशा में कदम उठाए जाएं।

निरीक्षण

पेयजल एवं स्वच्छता सचिव शैलेश बगोली ने बीजापुर, बांदल, केसरवाला, पुरकुल और शहंशाही हैड सहित क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों का निरीक्षण किया और आपूर्ति व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

16 सितम्बर को आई आपदा से इन स्रोतों की आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिससे डीएल रोड, करनपुर, कालीदास रोड, राजपुर, चुक्खूवाला, लोअर रायपुर, किदूवाला, पुरकुल गांव, आदि क्षेत्रों की लगभग 2 लाख पैंतीस हजार की आबादी प्रभावित हुई है।

सचिव ने निर्देश दिए कि बीजापुर, बांदल और केसरवाला हैड से आपूर्ति 17 सितम्बर की शाम तक अस्थायी रूप से शुरू कर दी जाए। अधिकारियों ने

पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम नंबर 1 8 0 0 1 8 0 4 1 0 0 और हेल्पलाइन 1916 जारी किए गए हैं।

ईवीएम मतपत्र

निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए मतपत्रों के डिज़ाइन और प्रिंटिंग के मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। दिशानिर्देशों के अनुसार ईवीएम मतपत्र पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें प्रिंट की जाएँगी और बेहतर दृश्यता के लिए उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन–चौथाई हिस्से पर होगा। सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फ़ॉन्ट में प्रिंट किए जाएँगे ताकि सभी नाम आसानी से पढ़े जा सके। आयोग ने बताया कि आगामी चुनावों में उन्नत ईवीएम मतपत्रों का उपयोग किया जाएगा और इसकी शुरुआत बिहार से होगी।

यात्री सेवा दिवस

पंतनगर एयरपोर्ट पर कल यात्री सेवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। एयरपोर्ट पर आने–जाने वाले यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और बच्चों ने छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया। यात्रियों ने इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में पौधरोपण भी किया।

एयरपोर्ट प्रभारी निदेशक अनुप गुप्ता ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य यात्रियों को एयरपोर्ट पर उपलब्ध आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से अवगत कराना है। कार्यक्रम में यात्रियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, आंखों की जांच, रक्तदान शिविर और टैक्सी चालकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। वरिष्ठ नागरिकों के नाम पर पौधारोपण और बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई।

मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इनका समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

उन्होंने सचिव कार्मिक की अध्यक्षता में सचिव शिक्षा, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा और शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ एक सप्ताह के भीतर बैठक करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक संघ के मांग पत्र के नियमों के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

देहरादून में हुई अतिवृष्टि और उससे नुकसान की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने मुख्य शीर्षक में शामिल किया है। अमर उजाला लिखता है— देहरादून आपदा : छह और शव मिले अब तक 23 की मौत, 17 लापता; समाचार पत्र लिखता है कि छोटे वाहनों के लिए मूसरी मार्ग खोल दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की ख़बर भी सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखा है— परिवेश की स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझे प्रत्येक नागरिक। इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है—उत्तराखंड को स्वच्छ—सुंदर बनाने का मुख्यमंत्री धामी ने किया कैलेंडर बनाने का आह्वान।

राजकीय शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की; इस ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है— दिनभर प्रदर्शन के बाद शिक्षकों को मिला सीएम का आश्वासन।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर—

- चमोली ज़िले के नंदानगर क्षेत्र में भारी बारिश के चलते कुन्तरी लगाफाली वार्ड में मलबा आने से पांच लोग लापता; छह भवन क्षतिग्रस्त; राहत और बचाव कार्य जारी।
- उत्तराखंड में सहकारिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीज उत्पादन और निर्यात को लेकर दो अहम समझौते हुए।
- लघु सिंचाई विभाग ने रुद्रपुर में प्रधानमंत्री कुसुम योजना पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक सम्पन्न, परियोजनाओं पर अप्रैल से कार्य शुरू करने के निर्देश।